दिनांकः– 22/10/2026 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा अन्तर्गत प्राप्त पुनर्निविदा के वित्तीय बीड् के मूल्यांकन हेतु गठित "निविदा समिति" की संपन्न बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति–

श्री बी. कार्तिकेय धनजी – सचिव
श्री नित्यानन्द प्रसाद – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)
श्री अभय कुमार सिंह – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)
श्री दया शंकर प्रसाद – मुख्य अभियंता(दक्षिण बिहार)–सह–मुख्य अभियंता (रूपांकण)
श्री मनोज कुमार – मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना
श्री राम प्रवेश यादव – आंतरिक वित्तीय सलाहकार

विषयः– Design, Construction, Supply of materials, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes (ward level schemes) for habitations left out under Har Ghar Nal Ka Jal nischay yojna in panchayats where Har Ghar Nal Ka Jal was executed by the Panchayati Raj Department with Electric Driven Pumps in the District of Ara, Bihar on turn-key basis with 3 months Trial Run Period. Block-Piro (GR-06) के कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से प्राप्त **NIT- 19Re-A8/SBNQ/(LOT/PRD)PHED/2024-25 GR-6 Tender ID- 127138** के निष्पादन के संबंध में।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से **www.eproc2.bihar.gov.in**__पर प्रकाशित कराई गई। प्राप्त पुनर्निविदा **NIT- 19Re-A8/SBNQ/(LOT/PRD)PHED/2024-25 GR-06 Tender ID- 127138** का प्रिंट मिडिया एवं वेब मिडिया में व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया गया है। यह निविदा दिनांक –23.03.2026 को प्राप्त किया गया।

उक्त कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि– **2153.7580 लाख रूपये** है, के लिए आमंत्रित पुनर्निविदा में छः निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है, जो निम्नवत हैं:–

क्र0 सं0	फर्म / कम्पनी का नाम
1	**M/s Roy Engineers**
2	**M/s Swarajya Kumar Shandilya (JV)**
3	**Sri Ramesh Prasad Gupta**
4	**M/s Rite Water Solution (India) Pvt. Ltd.**
5	**M/s KEMS Services Pvt. Ltd.**
6	**Sri Dhananjay Kumar**

उपरोक्त निविदाकारों के तकनीकी बीड का मूल्यांकण विभागीय पत्रांक–6ए / वि01–1028 / 21–1145 पटना, दिनांक–03.07.2025 के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना की अध्यक्षता में गठित तकनीकी मूल्यांकण समिति द्वारा किया गया। समिति की अनुशंसा के आलोक में उक्त आमंत्रित निविदा की उपरोक्त तालिका के क्रम सं0–02, 03, 04 एवं 06 पर अंकित **M/s Swarajya Kumar Shandilya (JV), Sri Ramesh Prasad Gupta, M/s Rites Water Solution (India) Pvt. Ltd. एवं Sri Dhananjay Kumar को तकनीकी रूप से सफल मानते हुए इनका दर बीड् खोले जाने का निर्णय लिया गया है।**

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के पत्रांकः–1872, दिनांक–16.10.2026 द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित पुनर्निविदा के दर बीड् की तुलनात्मक विवरणी पर संबंधित अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता द्वारा अपना मंतव्य अंकित करते हुए निविदा निष्पादन हेतु सक्षमस्तर / विभागीय निविदा समिति से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु अनुशंसा सहित भेजा गया है।

तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक–603, दिनांक–17.07.2026 द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना से तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक कर निम्न बिन्दुओं को समाहित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गयाः–

1. निविदाकार (BIDDER) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के किसी भी विभाग/बोर्ड /निगम/उपक्रम से Blacklisted अथवा डिबार नहीं है। साथ ही निविदा के शर्त्तों के अनुरूप किसी प्रकार से अयोग्य घोषित नहीं है।

2. E-Proc-2 निविदाकार (BIDDER) द्वारा Uploaded सभी कागजातों एवं प्रमाण–पत्रों की समुचित जाँच कर ली गयी है तथा तद्नुसार तुलनात्मक विवरणी तैयार कर कार्यवाही में अंकित किया गया है।

3. निविदाकार के विरूद्ध किसी भी न्यायालय के द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश नहीं है तथा निविदाकार (BIDDER) के विरूद्ध किसी भी सरकारी जाँच/अन्वेषण ऐजेन्सी द्वारा कोई जाँच प्रक्रियाधीन नहीं है अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

तदोपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं को समाहित करते हुए दिनांक– 16.10.2026 को तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति की बैठक की गयी। बैठक की कार्यवाही (प्रथम श्रेणी कार्यपालक दंडाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत शपथ पत्र के साथ) ज्ञापांक–1876/पटना, दिनांक–16.10.2026 द्वारा विभाग को उपलब्ध करायी गयी है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गये सफल निविदाकार का दर बीड् (अनुशंसा सहित) की तुलनात्मक विवरणी निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	फर्म/कम्पनी का नाम	प्राक्कलित राशि	वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा उद्धृत राशि	वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा प्राक्कलित राशि के सापेक्ष में उद्धृत राशि (प्रतिशत में) **कम/अधिक**
1	**M/s Swarajya Kumar Shandilya (JV)**	**2153.7580 लाख**	**2147.45185** लाख	(-) **0.29 प्रतिशत**
2	**Sri Ramesh Prasad Gupta**		**1817.32350** लाख	(-) **15.62 प्रतिशत**
3	**M/s Rites Water Solution (India) Pvt. Ltd.**		**1916.50055** लाख	(-) **11.01 प्रतिशत**
4	**Sri Dhananjay Kumar**		**2130.06666** लाख	(-) **1.09 प्रतिशत**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि क्रमांक–2 पर वर्णित निविदाकार **Sri Ramesh Prasad Gupta** द्वारा उद्धृत दर **1817.32350 लाख रुपये (अठारह करोड़ सत्रह लाख बत्तीस हज़ार तीन सौ पचास रुपये मात्र)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **2153.7580 लाख रूपये से 15.62 प्रतिशत कम** है।

निविदा समिति का निर्णय

1. क्षेत्रीय स्तर पर गठित समिति द्वारा तकनीकी बीड् के मूल्यांकन के क्रम में निविदा से संबंधित निविदाकार द्वारा Uploaded Documents एवं संलग्न कागजातों/दस्तावेजों की सम्यक् जाँच के पश्चात् ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा सफल निविदाकार का दर बीड् अनुशंसा सहित विभागीय निविदा समिति को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है।

2. तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर विभागीय निविदा समिति द्वारा दर बीड् का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया जाता है कि संबंधित कार्यपालक अभियंता दर बीड् में सफल निविदाकार से संबंधित सभी अर्हता एवं कागजातों का समुचित सत्यापनोपरांत

व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही LOA निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। यह कार्यपालक अभियंता की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

उपरोक्त के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा पूर्ण विचारोपरांत उक्त आमंत्रित पुनर्निविदा पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/ कार्यपालक अभियंता की कृत अनुशंसा के आलोक में न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले सफल निविदाकार **Sri Ramesh Prasad Gupta** द्वारा उद्धृत दर **1817.32350 लाख रुपये (अठारह करोड़ सत्रह लाख बत्तीस हज़ार तीन सौ पचास रुपये मात्र)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **2153.7580 लाख रूपये से 15.62 प्रतिशत कम** है, को अनुमोदित करते हुए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

(राम प्रवेश यादव)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार

(मनोज कुमार)
मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता,
(दक्षिण बिहार)–सह–
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

(बी. कार्तिकेय धनजी)
सचिव